— प्रेस नोट —

जनपद मीरजापुर

दिनांक-07.04.2021

थाना मड़िहान पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार—

अपराध एव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 भृगुनाथ यादव मयहमराह का0 दिनेश प्रजापति गश्त/चेकिंग में मामूर थें कि इस दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर आज दिनांक 07.04.2021 को दारानगर मस्जिद तिराहा के पास से समय 08.30 बजे के करीब अभियुक्त दिनेश पुत्र मालाधारी धरिकार निवासी गोपालपुर थाना मड़िहान मीरजापुर को चोरी की बिना नंबर की एक अदद मोटरसाइकिल हीरो एचीवर के साथ गिरफ्तार किया गया है, वाहन के संबंध में पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि ये मोटर साइकिल चोरी की है, जिसको कुछ दिन पहले राबर्टगंज से चोरी किया था। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मड़िहान पर भा0द0वि0 की सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मां0 न्यायालय/जेल भेजा गया।